प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 01.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी दुमका में आयोजित जन चौपाल में हुए भाामिल, लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील की।**

2. **झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 37 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण, पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाएँ की जाएंगी प्रदान।**

3. **भारत सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय की पहल पर देश का पहला एचएलएल लैब चाईबासा में किया गया शुरू, युवाओं, महिलाओं को रोजगार के मिलेंगे नए अवसर।**

4. **स्वास्थ विभाग के मुख्य सचिव ने धनबाद में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की, आईपीडी के लिए 420 बेड के नए भवन और पीजी–यूजी सीटें बढ़ाने की घोषणा की।**

5. **रांची में खेले गए पहले वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1–0 की बढ़त की हासिल, विराट कोहली बने प्लेयर ऑफ द मैच।**

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दुमका सदर प्रखंड के गांदो पंचायत में ग्रामीणों के साथ कल प्रसारित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित जन चौपाल में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने और देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग कर आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की अपील की।

कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

****

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू होगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि 19 दिनों के इस सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी। एक रिपोर्ट–

****

झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में कल सैंतीस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रुपये की सहायता राशि सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि ये माओवादी बस्तर संभाग के विभिन्न इलाकों में सक्रिय थे। एक रिपोर्ट–

****

भारत सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय की पहल पर देश का पहला एचएलएल लैब चाईबासा में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहायक कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देना है। एचएलएल लैब का उद्घाटन करते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि इस पहल से विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक प्रभाव दिखाई देगा और स्थानीय युवाओं को अवसर मिलेंगे।

मौके पर परियोजना निदेशक योगेश कुमार और एचएलएल के डीजीएम विशाल साहनी ने बताया कि यह लैब देशभर में स्थापित किए जा रहे 21 लैब की श्रृंखला का पहला केंद्र है, जिससे पिछड़े इलाकों के युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण और स्वावलंबन का मार्ग मिलेगा।

****

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं के जीवन मे बड़ा बदलाव आया है। रांची की बसंती देवी को भी इस योजना का लाभ मिला है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

झारखंड स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने धनबाद के एसएनएमएमसीएच और सुपर स्पेशियलिटी परिसर का निरीक्षण करते हुए बताया कि ओपीडी को अगले छह महीनों में नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा और आईपीडी के लिए 420 बेड का नया भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले बने सुपर स्पेशियलिटी भवन में सेवाएं अगले चार से छह महीनों में शुरू कर दी जाएंगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने पीजी सीटें 100 से बढ़ाकर 250 और यूजी सीटें 19 से बढ़ाकर 100 करने की घोषणा भी की।

****

रांची में कल खेले गए तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हरा दिया। 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका आखिरी ओवर में 332 रन पर ऑल आउट हो गई। साउथ अफ्रीका की ओर से मैथ्यू ब्रीट्ज़के ने सर्वाधिक 72 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट जबकि हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली के 120 गेंद में 135 रन की मदद से भारत ने निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 349 रन बनाए। इस जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में एक – शून्य से बढत बना ली है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची में कल खेले गए एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने रोहित और कोहली के प्रदर्शन पर सुर्खी बनाई है रांची में रो– को शो।

हिन्दुस्तान लिखता है चुनाव आयोग के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने तेज की तैयारी मतदानकर्मियों का किया जा रहा डाटाबेस तैयार।

प्रभात खबर की सुर्खी है सीओ नहीं मान रहे आदेश, नौ वर्ष से भूमि रसीद के लिए दौड़ रहे रैयत।

दैनिक जागरण लिखता है– कार पेड़ से टकराई, पांच माह की बच्ची की मौत, छह घायल।

********समाप्त*************